प्रेस नोट - थाना सदर बाजार
जनपद शाहजहाँपुर
दिनांक – 06.11.2026

थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वाँछित 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार ।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार अपराधों की रोकथाम, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब एवं शस्त्रों के क्रय-विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार के नेतृत्व में थाना सदर बाजार पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 26.10.2026 को वादी द्वारा थाना सदर बाजार पर दी गई तहरीर बावत अभियुक्तगण द्वारा एकराय होकर घातक हथियार से वादी व वादी के पुत्र धर्मेन्द्र ,सोनू व नेतराम के साथ मारपीट करना, गाली गलौज करना , जान से मारने की नियत से हमला करने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में दी । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 598/26 धारा 191(2)/191(3)/115(2) /352/109(1)/351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया। दौराने विवेचनात्मक कार्यवाही मुकदमा उपरोक्त में धारा 3(5) बीएनएस की वृद्धि की गयी । आज दिनांक 06.11.2026 को थाना सदर बाजार पुलिस टीम देखरेख शान्ति व्यवस्था, रोकथाम जुर्म जरायम में मामूर थी तो मुखबिर खास द्वारा सूचना दी कि थाने पर पंजीकृत मुकदमें में वांछित अभियुक्त 1.सौरभ पुत्र धनपाल 2. शिवा उर्फ शिवम पुत्र रामआसरे निवासीगण ग्राम चिनौर थाना सदर बाजार जनपद शाहजहॉपु अपने घर पर मौजूद है यदि जल्दी की जाये तो पकडा जा सकता है । प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर अभियुक्तगण उपरोक्त को इसके घर से समय करीब 11.30 बजे पकड लिया । पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुये जामा तलाशी ली गयी तो इन्होने अपना नाम क्रमशः 1.सौरभ पुत्र धनपाल, उम्र करीब 26 वर्ष, 2. शिवा उर्फ शिवम पुत्र रामआसरे, उम्र करीब 22 वर्ष, निवासीगण ग्राम चिनौर, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहॉपुर बताया। अभियुक्तगण उपरोक्त थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 598/26 धारा 191(2)/191(3)/115(2)/352/109(1) /351(3)/3(5) बीएनएस में वांछित हैं। दोनों अभियुक्तगण को उनके जुर्म से अवगत कराते हुये समय करीब 11.30 बजे हिरासत पुलिस मे लिया गया तथा । गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः–

1.सौरभ पुत्र धनपाल, उम्र करीब 26 वर्ष, निवासी ग्राम चिनौर, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहॉपुर।

2. शिवा उर्फ शिवम पुत्र रामआसरे उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम चिनौर थाना सदर बाजार जनपद शाहजहॉपुर।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

मु0अ0सं0 598/26 धारा 191(2)/191(3)/115(2)/352/109(1)/351(3)/3(5) बीएनएस थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर।

आपराधिक इतिहास (अभियुक्त सौरभ)-

1.मु0अ0सं0 407/26 धारा 305/331(4)/324(2)/317(2) बीएनएस थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर।

2. मु0अ0सं0 598/26 धारा 191(2)/191(3)/115(2)/352/109(1)/351(3)/3(5) बीएनएस थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थानः–

दिनांक 06.11.2026 को समय 11.30 बजे अभियुक्तगण के घर ग्राम चिनौर थाना सदर बाजार, शाहजहाँपुर।

गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 श्री लक्ष्मणचन्द थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर
2. कां0 अंकुर मलिक थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 अविमनु सिंह थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर